# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षष्ठम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

**वर्ग-3**

17 श्रावण, 1934 (श०)
बुधवार, तिथि ———————
08 अगस्त, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—197

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | .. | 108 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 26 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | .. | 09 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 32 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 12 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | .. | 03 |
| | | | कुल योग .. | 197 |

सड़क का पक्कीकरण

* 321. श्री आनन्दी प्रसाद यादव---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के कुर्साकांटा (उच्च विद्यालय) से फुटानी चौक होते हुए सिकरी प्रखंड के झाला चौक तक जाने वाली कच्ची सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल चालू कराना

* 322. श्री छोटे लाल राय---क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखंड दरियापुर एवं परसा में विगत 20 वर्षों से स्टेट ट्यूबवेल बन्द होने के कारण गरीब किसानों की जमीन की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में स्टेट ट्यूबवेल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नदी की खुदाई

* 323. श्री राजीव रंजन---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा अनुमंडल के मुहाने नदी के अगले भाग की खुदाई एकंगरसराय प्रखंड पंचमुहवा पुल से हिलसा प्रखंड में पूरी कर दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि मुहाने नदी की खुदाई जो पचमुंहवा पुल से उत्तर यानि नदी का पहला भाग इसलामपुर की ओर जाती है, उसकी खुदाई नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मुहाने नदी की खुदाई जो पचमुंहवा पुल से उत्तर इसलामपुर की ओर जाती है, करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 324. श्री ललित कुमार यादव---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के अतिहर पंचायत के डीहबेरई गाँव के प्रधान मंत्री सड़क से भगवानपुर, भुइयां स्थान, बेलवा होते हुए सिराही भिट्ठी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क तक जाने वाली सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

* 325. श्री ललन कुमार---क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के अंतर्गत तेघड़ा प्रखंड कार्यालय का भवन बहुत ही जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तेघड़ा प्रखंड कार्यालय का नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

"क" * 326. डॉ0 इजहार अहमद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत रसियारी नव निर्मित पुल से पी0डब्लू0डी0 सड़क से नीमा गाँव से कोशी के पश्चिम तटबंध तक सड़क नहीं रहने से हजारों आदमी का आवागमन अवरूद्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

* 327. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत सोभ जी0टी0 रोड से धमगाड़ तक 16 कि0मी0 सड़क पूर्ण रूप से जर्जर और गड्ढे में तब्दील हो गयी है, जो दो राज्य बिहार तथा झारखंड को जोड़ती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

* 328. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दिघवारा प्रखंड के पट्टी पुल मलखाचक पथ से लक्ष्मीपुर रकदिया से गिलाकेचन ईश्मौला कुरैया होते हुए, वभनगावाँ शोभपुर डुमरी बुर्जूग माही नदी पर पुल होते हुए डुमरी बुजूर्ग तक प्रधान मंत्री सड़क योजनान्तर्गत वर्ष 2002 में स्वीकृत पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण बीच में कुरैया से शोभपुर वभनगावाँ माही नदी पर बने मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजना तक छोड़ दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बचे पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य प्रारंभ करना

* 329. श्री ललन राम—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के डुमरिया प्रखंड अंतर्गत नन्दई पंचायत में बेनीनगर एवं गोपियाडीह के बीच पकवा नदी पर पुल के निर्माण तथा गोपियाडीह एवं विशुनपुर के बीच पकवा नदी पर पुल के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति गत वर्ष अप्रील माह में ही प्राप्त हो चुकी है, लेकिन अबतक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो कार्य प्रारम्भ नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

नोट—"क" पथ निर्माण विभाग से ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित।

छिलका का निर्माण

*330. श्री हरिनारायण सिंह—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालान्दा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखण्ड के ग्राम पंचायत वस्ती के ग्राम दैली में सिंचाई हेतु धोवा नदी में 1952 में छिलका निर्माण किया गया था, जो जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त छिलका का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*331. श्री रतनेश सादा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखण्ड के बसनही नदी में कोई पुल नहीं रहने के कारण हजारों लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदी में पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*332. श्री रामसूरत राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फपुर जिलान्तर्गत औराई विधान–सभा क्षेत्र में अवस्थित राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 77 में रून्नी चौक से घरहरवा गाँव होते हुए भैरव स्थान पी०डब्लू०डी० सड़क तक सड़क विगत 3 वर्षों से क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क सीतामढ़ी एवं मुजफ्फपुर जिला के दर्जनों पंचायत के लोगों के आवागमन का एकमात्र सड़क है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुल–पुलिया सहित उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पी०सी०सी० कराना

*333. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के तरियानी प्रखण्ड में छतौनी मुंशी चौक से बिन्दावन बाजार होते हुए बराही गाँव तक के सड़क मरम्मती हेतु वर्ष 2010–11 में 50,00,000.00 रुपया आवंटित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2.5 कि०मी० ढलाई कार्य में से मात्र 1 (एक) कि०मी० में ही मरम्मती कार्य किया गया है और पी०सी०सी० की ढलाई का कार्य बाकी रह गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य में मात्र 22,00,925.00 रुपया ही खर्च हो पाया है एवं शेष राशि लौटा दी गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त सभी खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक शेष बचे हुए मरम्मती एवं ढलाई कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*334. श्रीमती लेशी सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा–चण्डी स्थान से भाया ढोकवा होते तरौनी–फुटकाही जाने वाली पथ का निर्माण मुख्य मंत्री सड़क जिला संचालन समिति में वर्ष 2006–07 तथा 2007–08 एवं 2009–10 में चयनित होने के बावजूद नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ महत्ता के मद्देनजर जिलाधिकारी, पूर्णियां द्वारा जुलाई, 2012 में पत्र लिखकर विभाग को निर्माण हेतु अनुशंसा की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*335. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालान्दा जिला के हिलसा प्रखंड अन्तर्गत वर्ष 2006–07 में ही मुख्य मंत्री सड़क योजना के तहत स्वीकृत चिकसौरा से मकरौता होते खनपुरा तक ग्रामीण पथ का निर्माण आजतक नहीं हो पाया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*336. श्री अशोक कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड अंतर्गत दधपी पंचायत के एन०एच० 2 शिवगंग से गैवाल विगहा तक दो कि०मी० लम्बा ग्रामीण पथ का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*337. श्रीमती भागीरथी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत गौनाहा प्रखंड के रमपुरवा में 26 महादलितों के घर की नींव सरकारी योजना से रखी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि 25 वर्षों के बाद भी आजतक 26 घरों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है तथा लोग खुले आसमान में रह रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घरों का निर्माण कर 26 महादलित परिवारों को कबतक घर देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल की निकासी

*338. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री,जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर एवं पिपरा प्रखंड स्थित ग्राम ठाढ़ी भवानीपुर, बहुअरवा होते हुए गम्हरिया उप–शाखा नहर के बिन्दु 100 आर०डी० एवं 105–95 आर०डी० के बीच नहर की दोनों भाग चौर है जिसमें हमेशा जल–जमाव बना रहता है, जिसके कारण 200 एकड़ जमीन की फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर के चौर से जल निकासी का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*339. डॉ० रामानन्द यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना सदर प्रखंड के जल्ला सोनामा रक्षा बांध से कच्चीदरगाह तक पथ पर भारी वाहनों का आवागमन से रक्षाबांध सोनामा से नथ्थाचक तक पथ अत्यंत जर्जर हो गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का मरम्मतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*340. श्री शिवजी राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पी०डब्लू०डी० पथ मधुबन चकिया मुख्य पथ में जुगौलिया (ईनरवा) चौक के निकट से धारा गोबिन्द मठ तक सड़क की स्थिति जर्जर रहने के कारण आवागमण अवरुद्ध है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुदानित दर पर बाँटना

*341. श्री राम लषण राम "रमण"—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड मुख्यालय में 18 वर्ष पूर्व से 90 (नब्बे) प्रतिशत अनुदान पर गाड़े जाने वाले 185 (एक सौ पचासी) निजी नलकूपों की सामग्री लावारिस हालत में पड़ी हुई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों की सामग्री प्रखंड के किसानों में अनुदानित दर पर बाँटना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*342. श्रीमती ज्योती देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत बोधगया दो मुहान से चेरकी तक 8 कि०मी० सड़क बिल्कुल जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

'ख'–*343. श्री अमरनाथ गामी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हथौड़ी सुरहा पट्टी पथ का निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, जबकि उक्त सड़क के हथौड़ी में पुल का निर्माण हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार पुल निर्माण के साथ–साथ उक्त सड़क का भी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट—'ख' पथ निर्माण विभाग से ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानांतरित।

सड़क का पक्कीकरण

*344. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत सुगौली प्रखंड मे पंजिअरवा से नगदाहां तक तीन कि०मी० से अधिक सड़क अत्यन्त जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*345. श्री जय कुमार सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड अन्तर्गत 20 कि०मी० लम्बा दिनारा–बरांव पथ है जिसमें 07 कि०मी० पथ निर्माण विभाग तथा शेष ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनारा प्रखंड मुख्यालय से सासाराम जाने वाली उक्त पथ की स्थिति अति जर्जर है जिसके कारण आमलोगों को पचास कि०मी० अधिक दूरी तय कर सासाराम जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दिनारा बरांव पथ के निर्माण विभाग के अधीन लेते हुए जीर्णोद्धार का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*346. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टौसा सरबहदा मुख्य पथ ग्राम खुदई से खुदई उच्च विद्यालय होते हुए बालचक बिगहा ग्राम तक की सड़क जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*347. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के साहो पंचायत के नवहरण स्थित कमला नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*348. श्री सत्यदेव सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत कुर्था विधान–सभा क्षेत्र के बंशी प्रखंड में ग्राम सिद्धरामपुर के पास नेनूआँ नालापर साईफन–सह–पुल निर्माण कराकर भगवतीपुर नहर को पार कराने का प्रस्ताव विचाराधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्य मंत्री सहित आपके द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण दिनांक 29 नवम्बर, 2011 को हुआ था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर साईफन–सह–पुल का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

पुल का निर्माण

*349. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपराण जिला के केसरिया प्रखंड अन्तर्गत सुन्दरापुर में कुढ़वा नदी पर पुल नहीं होने से आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

पुल का निर्माण

*350. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के शिवराम पंचायत के मोटवासी स्थित कमला नदी पर पुल नहीं रहने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

पथों की मरम्मती

*351. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अंतर्गत बिहारशरीफ एन0एच0 31 से वेयवानी ग्रामीण पथ एवं सिलाव गौरोर पथ से कहटा तथा एन0एच0 110 से बड़ी पथ ऑट ग्रामीण कार्य विभाग का पथ है, जो जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तीनों पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

तालाबों की मरम्मती

*352. श्री संजय सरावगी---क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत कंशी पंचायत के दुर्गा स्थान बड़ी पोखर, रानीपुर पंचायत के जोगियारी पोखर, सार्वजनिक पोखर बुच्चामन, सारामोहम्मद पंचायत के जीवछी पोखर वासदेवपुर पंचायत के मंदिर पोखर सोनहान, कबीरचक पंचायत के सार्वजनिक पोखर दुर्गा मंदिर सभी सरकारी तालाब है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाबों को मनरेगा से विकसित एवं सौंदर्यीकरण करने हेतु ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति में इसका प्रस्ताव तीन वर्षों से पारित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनरेगा से उक्त तालाबों का सीढ़ी, घाट, सौंदर्यीकरण एवं उड़ाहीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पी0सी0सी0 कराना

*353. श्री ज्ञानचंद मांझी---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्राम बेलवनिया से शिवपुर होते हुए ग्राम–लोहरा के श्री राजेश्वर राय के घर तक जाने वाली कच्ची सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क छपरा सदर एंव गड़खा प्रखंड को जोड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पी0सी0सी0 कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*354. श्री रामदेव महतो---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रॉटी चौक से राज नगर गुमटी तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*355. श्री श्याम बिहारी प्रसाद---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के बपरीया प्रखंड के सिसवा पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत के ग्राम बनकर से तरकुनवा गोखुला बाजार से सिसवा बीन टोली महादलित बस्ती शनिचरा स्थान होते बछउत बाबा सड़क तक जर्जर रहने के कारण वहाँ के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

* 356. श्री आलोक रंजन—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत रौता–सोनवर्षा कचहरी पथ पूर्णतः क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहन परिचालन के लायक नहीं रह गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ क्षतिग्रस्त रहने के कारण सौर बाजार प्रखण्ड से कहरा प्रखण्ड जाने वाले लोगों को 30 कि0मी0 घूमकर जाना पड़ता है जिससे लोगों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

* 357. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भवन प्रमण्डल, कटिहार द्वारा वित्तीय वर्ष 2011–2012 में सरकारी भवनों की मरम्मती कार्य बिना निविदा किए हुए की गयी है, जो नियमानुसार गलत है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार नियम विरुद्ध कार्य करने के दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

* 358. श्री संजय सिंह "टाईगर"—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत आरा–सासाराम एस0एच0 12 पथ (उदवन्तनगर प्रखण्ड कार्यालय) से उदवन्तनगर गाँव में जाने वाली सड़क अत्यन्त जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण हेतु वर्ष 1992 में ग्रेड–I पत्थर बिछाया गया था, परन्तु अब तक कार्य पूरा नहीं कराया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं,तो क्यों ?

---

पथों की मरम्मती

* 359. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अन्तर्गत राजगीर–बिहार पथ से हसनपुर एवं झालर ग्रामीण कार्य विभाग का पथ है, जो जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 360. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के अस्थावाँ विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दामचक से डुवरौंवा, बक्काचक, सहवाजपुर ग्राम तक मुख्य मंत्री सड़क योजना की स्वीकृति वर्ष 2006–07 में हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृत सड़क का निर्माण कार्य 2008–09 में पूरा किया जाना था जो आजतक पूरा नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क के निर्माण कार्य को समय–सीमा के तहत पूरा नहीं करने वाले संवेदक एवं कार्य एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अपूर्ण सड़क को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 361. श्री जितेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ विधान–सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2007–08 में हुई थी, परन्तु आजतक उक्त सड़क निर्माण से संबधित डी0पी0आर0 तैयार नहीं होने से सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

कार्य पूर्ण कराना

* 362. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के साहूपाड़ा–सिलहन–तिलकपुर–बैजनाथपुर पथ, सनोखर बनियड्डा पथ, धनौरी–छोटीनाकी–महादेव स्थान पथ, मदारगंज–महिषखोर–गंगारामपुर पथ, रमासी हरिजनटोला–श्रीचक इटवा–खिरजान पथ, महेशपुर से परियक गांव तक, ग्राम–सकरामा से लक्ष्मीपुर गाँव तक पथ एवं गोराडीह प्रखंड के नदियामा स्वास्थ्य उप–केन्द्र आर0ई0ओ0 से जोगिया पथ, जो प्रधान मंत्री सड़क योजना के अंतर्गत आता है, का निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों से बन्द पड़ा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजनान्तर्गत इन अधूरे पड़े सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 363. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड में बेलसंड से पथनौर तक प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पुल एवं 6.340 कि0मी0 सड़क का निर्माण तातिया कनस्ट्रक्शन लि0 के द्वारा 20 जुलाई, 2007 को शुरू कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कम्पनी के द्वारा कार्य को अधूरा छोड़कर निर्माण कार्य बन्द कर दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन में पुल–पुलिया का निर्माण अंकित था, परन्तु इसे नहीं कराया गया ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सड़क एवं पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 364. मो0 आफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड एवं श्रीनगर प्रखंड तक जाने वाली सड़क के चुरकुट्टीघाट पर पुल 08 वर्षों से जर्जर है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

* 365. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज के झझवा–सिंघवलिया पथ के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2011–12 में दो करोड़ की राशि आवंटित की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिंघवलिया–झझवा पथ के सिंघवलिया बाजार से लेकर प्रा0 स्वा0 केन्द्र तक जाने वाली पथ जो खंड 1 का मुख्य भाग है, को प्राक्कलन में सम्मिलित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है,तो क्या सरकार सिंघवलिया–झझवा पथ का अवशेष भाग सिंघवलिया बाजार से प्रा0 स्वा0 केन्द्र तक पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

माईनर का जीर्णोद्धार

*366. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत घोसी विधान-सभा क्षेत्र के उदेरा स्थान योजना अन्तर्गत हवलीपुर बायाँ मुख्य नहर से निकलने वाली कूरे माईनर जर्जर रहने के कारण सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कूरे माईनर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*367 श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबू बरही प्रखंड स्थित बड़हारा बाजार चौक सड़क से कनकनाथ मंदिर होकर कब्रिस्तान तक जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यधिक दयनीय रहने के कारण श्रद्धालुओं एवं आम जनता को आवागमन में घोर कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मात्र एक किलो मीटर का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*368. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के कहरा प्रखंड अन्तर्गत बनगांव विषटरी स्थान से शंकर मिश्र के घर होते हुए दोष युवा संघ तक की सड़क अत्यन्त ही जर्जर होने के कारण परिचालन लायक नहीं रह गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*369. श्री पदम पराग राय वेणु--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड अन्तर्गत कामत टोला औराही पश्चिम ग्राम पंचायत के पूर्व वार्ड मेम्बर परवेज आलम के घर के पास से देव स्थल नहर पुल होते हुए महादलित बस्ती विधानन्द ऋषिदेव के घर से दक्षिण होते हुए धुनिया टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय (हनीफ टोला) एवं वन विभाग होते हुए बंगाली टोला के बगल से गितवास रेणु गेट मुख्य सड़क तक पक्की सड़क एवं देव स्थल नहर में आर०सी०सी० पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त पथ एवं पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

---------

पथों का चौड़ीकरण

*370. श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर विधान-सभा क्षेत्र स्थित पथ छिटावाड़ी, सोनेली, सालमाड़ी, आवादपुर, जीतवारपुर रासचौक से चिकनी टोला तक एक लेन सड़क है, तथा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जबकि जीतवार से पूर्व तथा चिकनी टोला के बाद सड़क चौड़ीकरण किया जा चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में सालमाड़ी कॉलेज से टेगड़ी टोला तक सड़क जर्जर अवस्था में है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पंचायत में शामिल करना

*371. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड मुख्यालय से आधा कि०मी० पश्चिम सौ घर की आबादी वाला एक गांव सुरहा ग्राम वर्तमान में दो पंचायतों यथा धनौजा एवं ब्रह्मपुर उत्तरी तथा दो प्रखंडों फुलपरास एवं घोघरडीहा तथा दो विधान-सभा फुलपरास एवं लौकहा में विभक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार सुरहा गाँव को किसी एक पंचायत प्रखंड एवं विधान-सभा में शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

माईनर की खुदाई

*372. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखंड के गुआबारी माईनर तथा जमीन अधिग्रहित जमुआ माईनर का खुदाई/चौड़ीकरण नहीं होने से किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गुआबारी एवं जमुआ माईनर के खुदाई/चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*373. श्री वैद्यनाथ सहनी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर एन०एच० 28 गांधी चौक से दक्षिण जाने वाली सड़क भाया ग्राम दादनपुर से ग्राम मोहम्मदपुर एन०एच० 103 तक एवं निकासपुर महाविद्यालय से भाया चकपहाड़ होते हुए ग्राम दिघरूआ से गाँधी चौक पी०डब्लू०डी० सड़क तक अत्यंत जर्जर है, जिसे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त वर्णित जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*374. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत खेसर से जलानी पथ तारापुर तक काफी घनी आबादी वाली गाँव होकर जाने वाली 18 कि०मी० सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*375. श्री राम सेवक हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखण्ड अंतर्गत गढ़िया चौक से नारायणपुर गाँव होते हुए धोवगामा चौक तक की जाने वाली सड़क विगत 9 (नौ) वर्षों से अत्यंत ही जर्जर हो गई है, दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*376. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के आन्दर प्रखण्ड के ग्राम कटवार मोड़ से पचोखर होते हुए मीरपुर, संजलपुर, गौंठी सिकिया, निया भटकन, खेमभटकन, धर्मपुर, बंगरा, भीखपुर, गड़वार, हुसेनगंज पुल तक पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा पथ का निर्माण 2007-08 से हो रहा है, जो अबतक अपूर्ण है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*377. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा अंचलान्तर्गत ग्राम सलेमपुर से मात्र 100 मी0 उत्तर में गंगा नदी का कटाव विगत् 03 वर्षों से जारी रहने से उक्त गाँव को नदी में विलीन होने का खतरा बना हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार जानमाल की सुरक्षा हेतु वर्णित स्थान पर कटाव अवरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*378. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के एम0एम0जी0एस0वाई0 पथ प्रेमनगर से भाले-धनुषी पथ विगत् 2 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ को जोड़ना

*379. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड के सोनवर्षा गाँव को आजतक गड़हनी बागर रोड से नहीं जोड़ा गया है, जिसके कारण वहाँ के करीब 20 हजार नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार सोनवर्षा गाँव को गड़हनी बागर रोड से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*380. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्र में हजपूर्वा ग्राम स्थित सुभाष चौक से किशनपुर रजिस्ट्री ऑफिस तक की सड़क तथा मटुआ ग्राम में प्यारे महतो के घर से लखनपट्टी-मंगल हाट-कसौर-मुगलानीचक होते हुए चंदौली प्रधान मंत्री सड़क तक की सड़क अत्यंत ही जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों है ?

--------------

सड़क का पक्कीकरण

*381. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के अमर सिंहपुर पंचायत के अधीन रापोल प्रधान मंत्री ग्राम सड़क से मंगटपुर, कलमेघा होते हुए शिहपुर-पंचागाछी प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क तक 04 कि0मी0 पक्की सड़क नहीं रहने के कारण दनिहाँ, अमरसिंहपुर, खरसौता इत्यादि पंचायतों के 30 हजार आम जनता को जिला मुख्यालय में आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

बांध का जीर्णोद्धार

*382. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत सुगौली, सिकरहना पुल से लालपरसा, गुदरा होते हुए प्रखण्ड रामगढ़वा के त्रिवेणी महादलित बस्ती होकर भेड़िहारी ग्राम तक हिन्द केसरी बांध के जीर्णोद्धार नहीं होने से बरसात के दिनों में प्रतिवर्ष बाढ़ एवं कटाव से फसल की व्यापक क्षति होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बांध को जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*383. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड से गुड़िया, मधुबनी चौक होते हुए इसराईन एवं जोरावटगंज होते हुए पूर्णियां सीमा तक सड़क वर्ष 2008 के बाढ़ आपदा में टूट गया है, लेकिन अभीतक उक्त सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*384. श्री अशोक कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखंड अन्तर्गत धवई पथ से भुजवाना, जमुआदन, गाँव होते हुए बदोपुर तक चार कि0मी0 लम्बी ग्रामीण पथ अति जर्जर है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषियों पर कार्रवाई

*385. श्री विक्रम कुँवर—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सीवान सिसवन पथ की मरम्मती कार्य 10 करोड़ की लागत से वर्ष 2009 में कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व मंत्री ने वर्ष 2010 में उक्त पथ में किये कार्यों में अनियमितता की जाँच हेतु निगरानी को लिखा था, तथा निगरानी विभाग ने वर्ष 2011 में जाँच करने के उपरांत प्रतिवेदन में अभियंता एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा विभाग को भेजा, जिस पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निगरानी विभाग के प्रतिवेदन के आलोक में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का कालीकरण

*386. श्री राम सेवक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के फुलवरिया प्रखंडान्तर्गत ग्राम कररीयो से निकलने वाली पथ, जो मिश्ररौती होते हुए कोयला देवा तक जाती है, यह पथ गड्ढों में तबदील हो जाने से आम लोगों को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस पथ को कालीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*387. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भारत निर्माण योजना अन्तर्गत प्रत्येक एक हजार आबादी वाले गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत कुर्साकांटा प्रखंड के पगडेरा गाँव (संस्कृत विद्यालय) से चिकनी, पकड़ी गाँव होते हुए बरकुरवा ग्राम (उत्क्रमित मध्य विद्यालय) तक कच्ची सड़क है, अत्यंत जर्जर अवस्था में है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित कच्ची सड़क को खण्ड (1) के प्रावधानानुसार पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों ?

जाँच कराना

*388. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बछवाड़ा प्रखंड अंतर्गत चमशा एक पंचायत में मनरेगा योजना की जाँच अनुमंडल पदाधिकारी तेघरा द्वारा किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल पदा० तेघरा योजना की जाँच में पोखर और नहर का निर्माण नहीं किये जाने तथा वृक्षारोपन में अनियमितता सही पाकर अपने पत्रांक 838, जो दिनांक 8 मई, 2012 द्वारा जिला कार्यक्रम समन्वयक बेगूसराय को प्रतिवेदित किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त घोटाले की अनियमियता की जाँच के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*389. श्री मोती लाल प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बैरगनिया से भंडार चौक (पूर्वी चम्पारण) सड़क में लाल बकेया नदी के जमुआ घाट पर पुल नहीं रहने के कारण दोनों ओर के लोगों के आवागमन में भारी कठिनाई है और बरसात के दिनों में आवागमन ठप हो जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग के पहल पर कार्यपालक अभियन्ता शिवहर 1 ने एक प्रतिवेदन पत्रांक 575, दिनांक 20 जुलाई, 2011 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग को भेजा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लाल बकेया नदी के जमुआ घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*390. श्री रामसूरत राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कैवटसा रून्नीसैदपुर पी०डब्लू०डी० सड़क में वर्री भवानीपुर से दरभंगा जिला के सिंघवाड़ा राज्य उच्च पथ तक सड़क पूर्णरूपेण क्षतिग्रस्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*391. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय प्रखंड के मधुरीढाला से बन्द्वार ग्राम तक की सड़क की स्थिति जर्जर हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवनों का निर्माण

*392. डॉ० इजहार अहमद---क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत बिरौल अनुमण्डल के स्थापना के 21 वर्ष हो गये हैं लेकिन आजतक अनुमण्डल कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण नहीं होने से भवन के अभाव में अनुमण्डल कार्यालय का संचालन करने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमण्डलीय कार्यालय एवं आवसीय भवन के निर्माण हेतु 2 वर्ष पूर्व टेण्डर निकला लेकिन आजतक निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिरौल अनुमण्डल कार्यालय एवं आवासीय भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पुनर्निर्माण

*393. श्री जय कुमार सिंह---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखण्ड के एन०एच० 30 सरना मोड़ से भलुनी धाम तक पथ का निर्माण प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत छः माह पूर्व एन०पी०सी०सी० द्वारा कराया गया तथा पथ निर्माण में गुणवत्ता की कमी के कारण मात्र छः माह में सड़क टूट गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ निर्माण में हुई अनियमितता की जाँच कराते हुए सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*394. श्री विनय कुमार सिंह---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड के हरिहर नाथ पथ (हरिहर नाथ सोनपुर से पहलेजा घाट तक) की लम्बाई 8 कि०मी० है, वर्ष 2007–08 में उक्त 8 कि०मी० पथ निर्माण का ठेका बंगाल कन्सट्रक्शन को दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण बंगाल कन्सट्रक्शन द्वारा कराया गया है, जिसमें 8 कि०मी० पथ में 10 जगह जहां ह्यूम पाईप या नाला निर्माण करना था, निर्माण नहीं किया जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बचे हुए कार्यों को कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण करना

*395. श्री विजय कुमार सिन्हा---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के मोहद्दीनगर गाँव में छिलका का निर्माण कार्य वर्ष 2010–11 में आरम्भ किया गया था । जिसकी प्राक्कलन राशि 36 (छत्तीस लाख) रु० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष बीतने के बाद भी योजना आजतक पूरा नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छिलका का अधूरा निर्माण को पूर्ण करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*396. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के करगहर प्रखण्ड से करगहर धर्मपुरा पथ सासाराम से चौसा तथा सासाराम बक्सर भाया दिनारा का लिंक पथ है, 25 कि०मी० सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार करगहर धर्मपुरा पथ को पथ निर्माण विभाग में लेकर निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पी०सी०सी० कराना

*397. श्री ज्ञान चन्द मांझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा सदर प्रखण्ड के ग्राम टिकुलिया टोला, डुमरी जुअरा तिनमोहानी से ब्रह्मस्थान होते धनौरा बाजार तक कच्ची सड़क है, जो जर्जर अवस्था में है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पी०सी०सी० कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*398. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड के केनारचही से जमुनापुर धरमपुर होते हुए ऐख तक पथ का निर्माण नहीं होने से क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*399. श्री विनोद कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड के जल्की पंचायत अंतर्गत जंगीपुर पी०डब्लू०डी० सड़क से पोर्ला बाजार रामपुर ब्रिज होते हुए महेन्द्र चौक वारसोई पी०डब्लू०डी० सड़क तक 06 कि०मी० पक्की सड़क नहीं रहने के कारण जल्की, मल्लिकपुर, कायघट्टा बधौरा, महेशपुर, पंचायतों के करीब 22 हजार आम जनता के समक्ष आवागमन का घोर संकट है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का पक्कीकरण

*400. श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंड के तेन्दुआ गणपत से करहारा भाया सहरसा, जी०टी०रोड से पूर्वी उच्चस्तरीय नहर भाया हबसपुर पोखरांही, रतनपुरा से कांस तेतरिया नहर से अदमा रसीपुर, कैथी रोड से बलिकरना होते हुए भुआपुर, जी०टी० रोड से सिरीस भाया सोहर बिगहा, बारून दाउद नगर रोड से महथा भाया कुड़वा की जर्जर सड़कों का पक्कीकरण नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*401. श्रीमती देवंती यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के भरगामा प्रखंड अंतर्गत भरगामा पेट्रोल पम्प से परसा हाट जाने वाली मुख्य मंत्री सम्पर्क सड़क का निर्माण जय माता दी कन्सट्रक्शन द्वारा 2 वर्ष पूर्व हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष के अन्दर सड़क की स्थिति अति जर्जर हो गया और पी०सी०सी० गड्ढे में तब्दील हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पर कार्रवाई करते हुए उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*402. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत एन० एच० 84 बिहियां चौरस्ता से सलेमपुर पथ, पथ निर्माण विभाग के अधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह सड़क जर्जर होकर पूरी तरह गड्ढे में तब्दील है, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही बारिश में जल–जमाव के कारण वाहन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कबतक सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

पथ का निर्माण

* 403. श्री शैलेश कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के धरहरा प्रखंड अंतर्गत मानगढ़ से सिंघिया ब्लॉक बाउन्ड्री योजना की स्वीकृति सात वर्ष पूर्व दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक वर्ष उक्त पथ के दोनों तरफ बरसात में जल–जमाव के कारण पथ में कटाव होता है, जिससे बहुत बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*404. श्री छेदी पासवान—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला रोहतास के कैमूर पहाड़ी पर गुप्ताधाम और बगल में शेरगढ़ किला अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि साल में हर 15 दिनों के बाद वहां मेला लगता है और मेले में बिहार के अधिकतर जिलों तथा अन्य राज्यों से भी लाखों की संख्या में लोग मेले में आया करते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि यातायात की सुविधा नही रहने के कारण यात्रियों एवं ग्राम औरईया भुडकुडा, औरदगा के ग्रामीणों के साथ बाहर से आये हुए लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पडता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पनारी घाट से गुप्ता धाम और शेरगढ़ किला होते हुए पचौरा और उगहनी तक सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

गोलम्बर छोटा करना

*405. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत एन०एच० 28 के भगवानपुर चौक पर गोलम्बर की गोलाई बहुत बड़ी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भगवानपुर चौक मुजफ्फरपुर शहर का प्रमुख चौकों में है जहां हर समय भीड़–भाड़ रहती है गोलम्बर के बड़े होने के कारण प्रतिदिन घंटो जाम लगी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गोलम्बर की गोलाई को छोटा करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवासों की मरम्मती

*406. श्री विक्रम कुँवर—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के रघुनाथपुर और हुसैनगंज सदर प्रखंडों के कर्मचारियों के आवास की स्थिति अति जर्जर है तथा पिछले दस वर्षों में इन आवासों की मरम्मती नहीं हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के आवासों की मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*407. श्रीमती रंजू गीता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बाजपट्टी प्रखंड के बाजपट्टी कन्या मुख्य पथ से प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय शिवाईपट्टी मोड़ डोयपर दोबार के साथ मधुरापुर मुख्य सड़क तक पथराजे टोल, पाण्डेय टोल, महुआईन बाजार, बल भीषण भीखा टोल चिनगीत किया मधुरापुर टोल के पास या सोनमाली टोल के पास प्रधानमंत्री सड़क के नरहा महमदपुर होते हुए विद्यालय बाचोपट्टी नरहा के पास मिली है और बोम्बड़ा प्रखंड के खेड़का लक्ष्मी नियभाबेल धरमपुर भाया भाऊर बाजार ग्रामीण सड़क अत्यन्त जर्जर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त वर्णित ग्रामीण सड़क का पी०सी०सी० पुल–पुलिया सहित निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान

*408. श्री हरि नारायण सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत चण्डी प्रखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से पंचायत समिति द्वारा चयनित वर्ष 2009–10 में 42 योजनाओं का कार्यान्वयन वर्ष 2010–11 में किया जा चुका है ;

(2) क्या यह सही है कि इन योजनाओं की स्वीकृत प्राक्कलित एवं प्रशासनिक राशि 02,05,19, 800/ के विरुद्ध भुगतान के लिए 43, 76, 758/रु० लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बकाए राशि का भुगतान कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नहरों की मरम्मती

*409. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया लाईन कटेया लाईन, शिवपुर लाईन वितरणी नहर का मरम्मती कार्य अभीतक नहीं कराया गया है, जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहरों का मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई सुविधा देना

* 410. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी कोशी नहर प्रणाली का पुनर्स्थापन का कार्य मार्च, 2010 से प्रारम्भ होकर मार्च, 2012 तक पूर्ण होना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि मार्च, 2012 तक पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण सुखाड़ में हजारों किसान खरीफ फसल की सिंचाई से वंचित हो गए हैं, इससे प्रभावित क्षेत्र में खरीफ फसल के पैदावार में कमी होगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने के लिए पुनर्स्थापन का कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कतबक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

* 411. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत गुरारू प्रखण्ड के गुरारू अहियापुर मेन रोड से भीमपुर मंझीयामा होते हुए वरई सूर्य मंदिर जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुविधा देना

* 412. श्री राजीव रंजन—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के उदेरास्थान से निकलने वाली नहरें तेल्हाड़ा और औंगारी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उदेरास्थान के नहर से पानी छोड़ने के बावजूद ग्रामीणों द्वारा अस्थायी बांध बनाये जाने एवं 24 इंच का ढोंगा लगा देने के कारण इसलामपुर विधान–सभा क्षेत्र के तेल्हाड़ा और औंगारी के लोगों को नहर का पानी नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उदेरास्थान के नहर से निकलने वाली पानी तेल्हाड़ा और औंगारी के लोगों को देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 413. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर डी0आर0एम0 चौक से उजियारपुर जाने वाली सड़क पुल बेलारी गाँव में टूट जाने से आवागमन बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि टूटे पुल के दोनों तरफ कोई सूचना एवं रूकावट का प्रबंध नहीं करने से अनेक लोग, वाहन एवं जानवर उस पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नया पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

* 414. श्री राज कुमार राय—स्थानीय दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 18 जून, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "पुल निर्माण के लिए जाम किया सड़क" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर प्रखंड के 81 नं0 रोड में गोहा चौक पर बने कठपुलिया विगत् पाँच वर्षों से ध्वस्त है, जिससे आवागमन बाधित है, तथा प्रायः दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गोहा पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

सड़क का निर्माण

* 415. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड के पचरौड़ बाजार राज्य उच्च पथ से भावलपुर मुख्य मंत्री सेतु होते हुए डेवढ़ी राज्य उच्च पथ एवं गवन्द्री प्रधान मंत्री ग्राम सड़क 10 वर्षों से जर्जर की स्थिति में है, जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

पदस्थापित करना

* 416. श्री राम लषण राम "रमण"—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में श्रम अधीक्षक का पद रिक्त रहने के कारण आमलोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक श्रम अधीक्षक को पदस्थापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

———

सड़क का पक्कीकरण

* 417. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरारू प्रखंड के वरोरह बैला मुख्य सड़क से पथरा मोड़ से ग्राम ईन्दिल जाने वाली कच्ची सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

———

सड़क का जीर्णोद्धार

* 418. श्रीमती मनोरमा प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड अंतर्गत सोफवा टोला इंसाफ चौक से घूमनगर होते हुए ध्रुव पासवान के घर तक प्रधान मंत्री पथ काफी जर्जर है जिससे आवागमन एवं सवारियों को जाने–आने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल–जमाव से मुक्ति

*419. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत चौसा–कोचस मुख्य सड़क से तियरा बन्नी होते हुए धनसोई तक सड़क से बन्नी बाजार एवं हरपुर गाँव में जल–जमाव रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सड़क के लेबल को ऊँचा कर जल–जमाव से मुक्ति दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*420. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के वासोपट्टी प्रखंड अंतर्गत एन0एच0 105 रिमरादी से मिहनाथपुर नेपाल सीमा तक भाया जोंकी सड़क अत्यन्त ही जर्जर अवस्था में है, जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराकर यातायात बहाल करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

---

पथों का निर्माण

*421. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आर0ई0ओ0 सड़क गौरा चक्की नौरंगा बांध से बरसिंघा टोला, पी0डब्लू0डी0 सड़क शाहपुर करनामेपुर के डुमरिया से सहजौली एवं शाहपुर–गोपालपुर पथ का निर्माण न होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का कालीकरण

*422. श्री रामसेवक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के फुलवरिया प्रखंडान्तर्गत ग्राम श्रीनगर से निकलने वाली सड़क जो श्रीनगर, कोयलादेवा, वनीया छापर, जटहाँ होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा को भवानी छापर बाजार के पास जोड़ने वाली पथ गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*423. श्री उमाकान्त यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के मोहनपुर अम्बेदकर नगर महादलित टोला से लालबाबू राय के घर होते हुए सनपतही महादलित गाँव तक जाने वाली ग्रामीण सड़क की जर्जर स्थिति रहने से महादलित, अतिपिछड़ा एवं अन्य ग्रामीणों को आवागमन में घोर कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## पुल बनाना

*424. श्री रामदेव महतो—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के पण्डौल प्रखंड के सलेम गाँव के पास विदेशर ब्रांच कनाल पर बना पुल 10 वर्ष पूर्व टूट गया है जिससे ग्रामीणों को आने–जाने में भारी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल का निर्माण

*425. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत नावकोठी प्रखंड गढ़पुरा प्रखंड एवं बखरी प्रखंड के तीन मोहानी पर भुईधारा पुल विगत 10 वर्षों से ध्वस्त है, जिसके कारण तीनों प्रखण्डों के 30 हजार आम नागरिकों को प्रखंड मुख्यालय आने–जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार भुईधारा पर नये पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथों का निर्माण

*426. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखंड के ननौरा बाजार से घरहरी–घरहरवा होते बैरिया–चिरैया तक (चिरैया–भेलवा पथ) बेहद जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के निर्माण न होने से लगभग चार पंचायतों के तीस हजार से अधिक आबादी को जिला मुख्यालय जाने में 15 कि0मी0 से अधिक दूरी तय करनी पड़ती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

## स्टेट बोरिंग लगाना

*427. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत तुलापट्टी ग्राम परसा होते हुए तिलाने नदी निकली है, जिसके दोनों किनारे ऊँची और बलुआही जमीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी के दोनों किनारे पर स्टेट बोरिंग नहीं रहने के कारण करीब 300 एकड़ भूमि की सिंचाई नहीं हो पाती है जिससे किसान काफी परेशान रहते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी के दोनों किनारे पर स्टेट बोरिंग का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का जीर्णोद्धार

*428. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर अनुमंडल मुख्यालय के अशोक बाजार परिसर स्थित सरकारी डाक बंगला जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित उक्त डाक बंगला की स्थिति ठीक नही रहने से प्रशासनिक पदाधिकारी एंव जन–प्रतिनिधियों को विश्राम करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त डाक बंगला का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पईन की खुदाई

*429. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के कराय प्रखंड अन्तर्गत बेरथू–डियावां रोड पर अवस्थित सौंध ग्राम के निकट से भुतही नदी तक पईन (तीन कि0मी0) की खुदाई विगत 20 वर्षों से नहीं हुई है;

(2) क्या यह बात सही है कि पईन के भर जाने से पानी का निकास नहीं होता है और आस–पास के गाँव–मकरौता, खोखना, कमरथू, सबचक, दीरीपर, फतेहपुर आदि गाँव बरसारत के दिनों में जलमग्न हो जाते हैं तथा सैकड़ों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्क हैं, तो क्या सरकार उक्त पईन (सौंध से भतुही नदी तक ) की खुदाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

------

पथ का पक्कीकरण

*430. श्री संतोष कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत डगरुवा प्रखंड के अधीन मनी पंचायत के मीणापुर से वनौली झौआ होते हुए अमना तक कच्ची सड़क जर्जर है, जिससे बरसात के दिनों में उक्त कच्ची सड़क पर आना मुश्किल हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की पक्कीरकण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*431. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर विधान–सभा के कसवा गेरूआ पथ की स्थिति बिल्कुल जर्जर है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*432. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के शिव मंदिर गंगोई से महादलित टोला गंगोई, नवादा एवं महुली और अगौथर सुन्दर की ओर जाने वाली पथ 10 वर्षों से जर्जर है जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*433. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत आई0टी0आई0 खगड़िया कोशी कॉलेज के ओ0बी0सी0 छात्रावास में वर्ष 2010 से संचालित है;

(2) क्या यह बात सही है कि आई0टी0आई0 खगड़िया को अपना भवन नहीं रहने से पठन–पाठन में असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रों के हित में व्यावसायिक शिक्षण के विकास एवं विस्तार के लिए उक्त आई0टी0आई0 को भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*434. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला की आबादी 16 लाख है, परंतु वहाँ एक भी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र (आई0टी0आई0) स्थापित नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिला के प्रस्तावित प्रखंड पसराहा के पसराहा गाँव में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*435. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के नवटोलिया अनुसूचित जाति टोला वासियों को रिटायर बाँध एवं मध्य विद्यालय होते हुए प्रधानमंत्री सड़क तक पहुँचने के लिए एक मात्र कच्ची सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि पक्की सड़क नहीं रहने के कारण प्रत्येक दिन महादलित एवं अनुसूचित जाति टोला के लोग दुर्घटना के शिकार होते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू कराना

*436. श्रीमती भागीरथी देवी—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चंपारण के रामनगर विधान–सभा क्षेत्र के रामनगर प्रखंड में कुल 32 नलकूप विगत 10 वर्षों से बंद पड़े हैं जिसके चलते किसानों को सिंचाई में काफी कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*437. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के पश्चिमी कोशी तटबंध सुपौल डुमरी से पीपरपांती जलय पूर्वी पुनर्वास सड़क कच्ची रहने के कारण बरसात में आमलोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू कराना

*438. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुल्तानगंज, शाहकुंड सहित अन्य सभी प्रखंडों के 80 प्रतिशत नलकूप विगत् एक वर्ष से खराब है, जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों की मरम्मती कराने तथा नये नलकूप लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*439. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान विधान-सभा क्षेत्र के ग्राम मोहिम से बनरझुला लरांच होते हुए बेरी चौक तक सम्पर्क सड़क नहीं होने के कारण उक्त गाँवों के लोगों को प्रखंड मुख्यालय जाने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*440. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के रजौन प्रखंडान्तर्गत राजावर मोड़ से नवादा मोड़ तक (PMGSY) योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सड़क के राजावाड़ मोड़ से क्रमशः दूसरे कि०मी० पर कतरिया नदी के ऊपर बना पुल तथा चौथे कि०मी० पर राजडाढ़ पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुल सहित सड़क के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*441. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के अजीजपुर चांद पंचायत के रोबियन चौक से ननरही होते हुए प्राण ग्राम तक 6 कि०मी० सड़क जिसमें दलित एवं अतिपिछड़े बसते हैं, जर्जर है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*442. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड में पाड़ेचक से बहेलिया बिगहा तक रोड नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त रोड को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*443. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर विधान-सभा क्षेत्र के ग्राम परतिया से आमगाछी भाया हार्डगाधी हक्का तक सड़क जर्जर रहने के कारण ग्रामवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*444. श्री रामबालक सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड के बी०डी०एन०आर० शिवनाथपुर से बी०डी०एन०आर० मध्य विद्यालय, कल्याणपुर तक भाया बम्बैया चौक की सड़क जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जाँच कराना

*445. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना फेज 2 के तहत् बागमती बाँये एवं दांये तटबंधों को ईस्ट-वेस्ट कोरीडोर स्थित बेनीबाद तक कुल 70.63 कि०मी० लम्बाई के विरुद्ध 50.11 कि०मी० तटबंधों का निर्माण किया जा चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण में राशि की अनियमितता एवं गुणवत्ता के अभाव से संबंधित शिकायत स्थानीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा वर्ष 2010 में ही किया गया जो अबतक राज्य मुख्यालय में लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित निर्माण कार्य की जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*446. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के वीरपुर प्रखण्ड के जिनपुर से चिल्हाय घाट तक की सड़क प्रधान मंत्री सड़क योजना से बनाया जा रहा था जिसका कार्य पिछले दो वर्षों से बन्द है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*447. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखण्ड में ग्राम पंचायत राज पैंकांत एवं देवठा में आजादी के 60 वर्षों के बाद भी अभीतक ग्रामीण सड़कों का निर्माण नहीं किया जा सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क निर्माण के अभाव में इन दोनों पंचायतों की 13000 से अधिक आबादी कच्ची सड़क का उपयोग करने के लिए बाध्य है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पंचायतों की ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़कों का पक्कीकरण

*448. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड के तेतरहर से सिमरा भाया रामपुर बारा नहर से सिमरी भाया चनौखर-दुधार, तोल ढ़ेंगो रोड से धोबडीहा महादलित टोला तक, तोल-ढ़ेंगो रोड से पिपरा भाया बैरिया, तोल-ढ़ेंगो रोड से सोनवर्षा, धूजा पक्की सड़क से माड़र, माली-चरण रोड से बैरिया भाया बढ़की रेगनिया तक जर्जर सड़कों के पक्कीकरण नहीं होने के कारण आम जनता को कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*449. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत महुआ-सेम्हली ग्रामीण पथ जिसकी लंबाई 02 कि0 मी0 है तथा अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यकों के टोला होकर गुजरती है, अत्यंत ही जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

ट्यूबवेल चालू कराना

*450. श्रीमती मीना द्विवेदी क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत विधान-सभा गोविन्दगंज में जितने भी नलकूप हैं सभी बंद पड़े हैं, जिससे किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े ट्यूबवेल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल की मरम्मती

*451. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखण्ड के महम्मदपुर ग्राम में सारण मुख्य नहर आर0डी0 68 पर अवस्थित पुल फरवरी, 2012 में टूट गया है जिससे आवागमन बिल्कुल बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पुल से गोपालगंज, सीवान, छपरा तीनों जिलों के लोगों का आवागमन होता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पथ का पक्कीकरण

*452. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखण्ड से नारायणपुर पुल से भाया मनी बहुआरा से महादलित बस्ती होते हुए गणेश शिरशिया, गंगा शिरशिया जाने वाली पथ लगभग 5 कि0मी0 काफी जर्जर एवं कच्ची रहने से आम लोगों को काफी परेशानी होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*453. श्रीमती रजिया खातुन--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवां प्रखण्ड स्थित महरानी भोपत पंचायत में चौक बंबरिया नहर फाटक वाले 6 आर0डी0 पर निर्मित पुल जर्जर हो गयी है जिससे आवागमन बाधित है और आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार चौक बंबरिया नहर फाटक में 6 आर0 डी0 पुल का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क की मरम्मती

*454. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखण्ड के खगौल पेट्रोल पम्प से लखनी बीघा होते हुए सरारी गुमटी तक मुख्य सड़क जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले 20 वर्षों से उक्त सड़क की मरम्मती नहीं हुई है जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या ने वर्ष 2010 में उक्त पथ का मरम्मती करने हेतु विभाग को पत्र दिया था, जिसपर अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 455. श्री (मो0) आफाक आलम––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलागढ़ प्रखंड के रोड नम्बर 85 से मतिहारपुर जाने वाली सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

* 456. श्री शैलेश कुमार––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत खड़गपुर–बरियारपुर पी0डब्लू0डी0 पथ से धपड़ी मोड़, बढ़ोना तक पथ काफी जर्जर स्थिति में है, जो दो प्रखंडों को जोड़ने के साथ–साथ पाँच पंचायतों का मुख्य पथ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार धपड़ी मोड़ से बढ़ोना तक पथ की मरम्मती कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सोलर लाईट लगाना

* 457. श्री राजेश्वर राज––क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट, विक्रमगंज एवं संझौली प्रखंड अंतर्गत प्रत्येक पंचायतों में 5–5 सोलर लाईट चयनित स्थलों पर लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2011 में ब्रेडा कम्पनी को आदेश दिये जाने के बावजूद भी आजतक सोलर लाईट नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित स्थलों पर सोलर लाईट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पईन की खुदाई

* 458. श्रीमती नीता चौधरी––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड के अंतर्गत विरजपुर दुर मुहाने से मोहनपुर, मलगुड़ी तक पईन की खुदाई अभीतक नहीं हुई है जिससे सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पईन की खुदाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा का भुगतान

* 459. श्री अमरनाथ गामी––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखंड स्थित विलासपुर सुरक्षा रिंग बांध बनने से सौ परिवार विस्थापित हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विस्थापित परिवारों को न तो मुआवजा ही दिया गया है और न उनके पुनर्वास की ही व्यवस्था की गई है, जिससे उन परिवारों का जीवन काफी कष्टप्रद हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार परिवारों को मुआवजा का भुगतान तथा पुनर्वासित कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पइनों का जीर्णोद्धार

* 460. श्री प्रदीप कुमार––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड के ग्राम झोंटा आहर/पईन तथा ग्राम महादेव बिगहा के आहर तथा पछियारी पईन की स्थिति काफी जर्जर रहने के कारण कृषकों को खरीफ फसल की सिंचाई मे काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आहरों तथा पइनों को जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुविधा देना

* 461. श्री रामधनी सिंह––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सासाराम जिला के कोचस प्रखंड में एन0एच0 30 के नीचे कोचस राजबाहा में ग्राम नौवा, सारोशेर, नरवर, भगजगंज, हरदासपुर आदि गाँवों के सामने नहर ध्वस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित ग्रामों में कोचस राजबाहा से सिंचाई नहीं होती है, इसके बावजूद भी उन गाँवों के किसानों से पटवन शुल्क लिया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन0एच0 30 के नीचे कोचस राजबाहा को ठीक कर उक्त वर्णित ग्रामों में सिंचाई कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

* 462. श्री जाकिर खाँ––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया विधान–सभा क्षेत्र के बाँसवाडी पंचायत के गदगदी गाँव में जोड़ने वाली सड़क के बीच में पुल नहीं रहने के कारण ग्रामवासियों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर कबतक पुल निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

* 463. श्री रमेश ऋषिदेव––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखंड के सिंहेश्वर स्वास्थ्य केन्द्र से मजरहर, सकरपुर होते हुए चांदनी चौक तक 10 कि0मी0 सड़क का निर्माण नहीं किया गया है जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का पक्कीकरण

*464. श्री संतोष कुमार---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत वायसी प्रखंड के अधीन अमोर पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से त्रारावारी गाँव तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण बरसात के दिनों में आवागमन बिल्कुल ठप हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*465. श्री अम्बिका सिंह---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत नुआँव प्रखंड में गर्रा चौबे नहर से जुझारपुर गाँव होते हुए तियरा गाँव तक पक्की सड़क नहीं है जिससे उक्त गाँव के लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*466. श्री ललित कुमार यादव---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सदर प्रखंड के एन0एच0 57 से खरथुआ, खजुरी, बिजुली, मुस्लिम टोला होते हुए एन0एच0 57 फोर लेन तक एन0एच0 57 से लोआम होते हुए गैरपुर मदरसा तक ,गौसाघाट से धोई तक की सड़क जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*467. डॉ0 रामानन्द यादव---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ एवं स्टेट उच्च पथ के किनारे नाला बनाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ एन0एच0 30 सबलपुर से कच्चीदरगाह एवं स्टेट पथ बैरिया से संपतचक जल-जमाव के कारण पथ जर्जर हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के किनारे नाला बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों की मरम्मती

*468. श्री विनोद प्रसाद यादव---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखंड के जी0टी0 रोड गोपालपुर से नकनुपा जी0टी0 रोड से महमदपुर, घोड़वाडीह से फजलाहा, डोभी प्रखंड के जी0टी0 रोड डोभी से कुशा होकर के सापी एवं अमस प्रखंड के जी0टी0 रोड से सिहुली, जी0टी0 रोड से बैदा होकर कोरमथु एवं जी0टी0 रोड से चिताब खूर्द तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित सड़कों की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डैम का निर्माण

*469. श्री सोने लाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया प्रखंड के दरभासन नदी पर दरभासन में 10 करोड़ खर्च कर डैम बनाने के लिए किसानों की जमीन लेकर बांध बनाया गया है और बीच नदी को नहीं बांधा गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दरभासन डैम को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़का का पक्कीकरण

*470. श्री सत्यदेव सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अन्तर्गत करपी प्रखंड के ग्राम तीतरा से चौरम मोड़ तक, आनन्दपुर से बालागढ़ तक, राघव उच्च विद्यालय, खेदरू बिगहा से ग्राम बकेयातक एवं भैंस धोवन घाट से ग्राम मंझोपुर (पंचायत सेहाई) तक चारों सड़कें कच्ची हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़कों को पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि का भुगतान

*471. श्री राज कुमार राय—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सी0डब्ल्यू0 जे0सी0 9446/2009 में पारित आदेश के आलोक में सोन कमांड, गंडक कमांड एवं कोसी–कमांड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपादान की राशि का भुगतान वर्ष 2010 में करने का आदेश विभाग को दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में गंडक एवं सोन कमांड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपादान की राशि का भुगतान किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में कोसी कमांड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों को उपादान की राशि का भुगतान नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---

पथ का निर्माण

*472. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता ने गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंड के ग्राम वृति टोला में एन0एच0 28 से पहुँच पथ बनाने हेतु जिला पदाधिकारी, गोपालगंज को अपने पत्रांक 289, दिनांक 28 दिसम्बर, 2011 द्वारा लिखा था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में आजतक पहुँच पथ का निर्माण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम वृति टोला में पहुँच पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*473. श्री ललन कुँवर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत बरौनी प्रखण्ड के बीहट गाँव के एन०एच० 31 सीता राम मिश्र द्वारा से खेमकरणपुर मंझलीबन टोला होते हुए मसलनपुर मध्य विद्यालय तक सड़क जर्जर अवस्था में रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*474. श्री अख्तरूल ईमान——क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012 में किशनगंज जिला अन्तर्गत जल निस्सरण प्रमण्डल, किशनगंज के कटाव निरोधक योजना के तहत ग्राम–पोरलाबाड़ी, लारबाड़ी, फुलबाड़ी एवं पुरन्दाहा में Porcupine का कार्य किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन में प्राक्कलन में निहित प्रवाधान के अनुसार Porcupine के एक मेम्बर में 6 एम०एम० Dia. का 20 रिंग बांधना चाहिए किन्तु केवल 10–15 रिंग ही बांधा गया है, जिसकी शिकायत विभागीय मंत्री से की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन में हुई अनियमितता की जाँच कराने तथा दोषी कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

साईफन का निर्माण

*475. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुगेंर जिला के टेटिया बम्बर प्रखंड अंतर्गत वनगामा पंचायत में ताजपुर गाँव के नजदीक महाने नदी से निकला नाला पर चेकडैम एवं साईफन का निर्माण नहीं होने के कारण सिंचाई कार्य में असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नाला पर चेकडैम एवं साईफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाली का निर्माण

*476. श्री विनोद प्रसाद यादव——क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि——

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत एन०एच० 99 डोभी चतरा रोड का निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डोभी मोड़ से केसापी एवं कोठवारा बाजार में सड़क के दोनों किनारे नाली नहीं रहने के कारण सड़क के किनारों में पानी जमने से सड़क खराब हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर सड़क के दोनों किनारे नाली निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का कालीकरण

*477. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत मानसी प्रखण्ड में महावीर मंदिर एन०एच० 31 बजरंगबली के सामने बख्तियारपुर एवं ठाठा मध्य विद्यालय होते हुए गढ़िया एन०एच० 31 तक 2.70 किलो मीटर सड़क का कालीकरण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति मुख्य मंत्री जिला विकास योजना में 04 सितम्बर, 2008 को हुई थी तथा एकरारनामा के अनुसार 16 अप्रील, 2010 तक कार्य पूर्ण करने की तिथि निर्धारित थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलित राशि 85.316 लाख रुपये की पूर्ण निकासी हो गयी है, जबकि 1000 फीट का कालीकरण अब भी शेष है ;

(3) यदि उपर्युक्ता खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिना कार्य पूर्ण किए पूर्ण भुगतान करने वाले पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करने एवं शेष सड़क का कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*478. श्री मनीष कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 में बांका जिला अंतर्गत धोरैया प्रखण्ड के हिरम्बी बांध का शिलान्यास किया गया था, जिसमें कार्य भी शुरू हुआ था, परन्तु बांध निर्माण का कार्य अभीतक अधूरा पड़ा है, जबकि 2010 तक इस कार्य को पूरा कर लेना था, यदि हाँ, तो क्या सरकार हिरम्बी बांध के कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव से बचाव

*479. श्री भाई वीरेन्द्र—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्रखण्ड स्थित गंगा सोन सरयुग नदी से मंगलपाल दियारा किता चौहत्तर पूर्वी, मध्य एवं पश्चिमी रामपुर तौफीर एवं सुअरमरबा पंचायतों में भयंकर कटाव विगत चार वर्षों से जारी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कटाव की रोकथाम नहीं करने के फलस्वरूप कई गाँव नदी की गर्भ में समा गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित छः पंचायतों को उक्त नदी की कटाव से रोकने हेतु कौन–सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गोलम्बर बनाना

*480. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फपुर शहर स्थित एन०एच० 28 के गोबरसही चौक पर गोलम्बर नहीं रहने के कारण वहां बराबर दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मुजफ्फरपुर स्थित गोबरसही चौक पर गोलम्बर बनवाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

सड़कों का निर्माण

*481. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो प्रखण्ड के एन०एच० 30 सोनवर्षा काली स्थान से नवारी गाँव तक पथ जितौरा पीरो पथ के वरॉव मोड़ से वरॉव गाँव तक पथ, जमुऑव पथ से हंकार टोला होते नहर तक सड़क पाँच वर्षों से जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना पूर्ण नहीं करने का औचित्य

*482. श्री अवनीश कुमार सिंह—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 17 जून, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "जल संरक्षण टेढ़े नियम, अधूरा काम" के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भू–गर्भीय जल के हो रहे अंधाधुंध दोहन को रोकने के लिए जल संरक्षण के तहत तालाब खुदाई, वन रोपन, नहर खुदाई, मिट्टी उड़ाही, बांध निर्माण आदि की केवल पटना जिले में वर्ष 2011–12 में 2577 योजनाओं में से मात्र 129 योजनाएँ ही पूर्ण हो सकी, यदि हाँ, तो इसका औचित्य क्या है ?

---

पथ का निर्माण

*483. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखण्ड अंतर्गत खजुरिया कुण्ड से हलुआड मनीया पर होते हुए सिहरूआ तक जाने वाली पथ प्रधानमंत्री सड़क योजना वर्ष 2008–09 में स्वीकृत है, जिसकी एजेन्सी इरकॉन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत् दो वर्षों से इरकॉन के द्वारा अधूरा कराकर निर्माण बन्द कर दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अधूरे पथ का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*484. श्री शशि भूषण हजारी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी कोशी तटबंध उप–प्रमंडल जमालपुर के 33 कि0मी0 बिन्दु से 53 कि0मी0 बिन्दु तक तटबंध को ऊँचीकरण, चौड़ीकरण कर उस पर पीचींग करने का कार्य जे0के0एम0 नामक एक एजेंसी को तीन वर्ष पूर्व आवंटित किया गया था, जिसने तटबंध को ऊँचा और चौड़ा किए बिना ही मेटल और चीप्स से पीचींग कार्य शुरू कर दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन के प्रावधानों के विपरीत कार्य करने वाले उक्त एजेंसी को अबतक दस करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान किया जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी अभियंता और एजेंसी के विरुद्ध कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

*485. श्रीमती मनोरमा प्रसाद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला अंतर्गत नौतन प्रखंड के शिवराजपुर पंचायत के जरलहिया ढाला से छरकी विशम्भरपुर होते हुए मंगलपुर गोफलगंज रोड तक ऊँचे सड़क का निर्माण किया गया है जिससे सड़क के पश्चिम तरफ जल–जमाव रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जल–जमाव के करण उस क्षेत्र के किसानों की हजारों एकड़ की फसल का नुकसान हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जल–जमाव को रोकने के लिए बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कतबक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*486. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर प्रखंड के ग्राम कोठिया प्रधानमंत्री सड़क से श्री रामचन्द्र सिंह कुशवाहा के घर होते हुए रजवा पंचायत श्री महेश्वर साह (सरपंच) के घर होते हुए सरसौना श्री रामप्रीत साह के घर होते हुए एन0एच0 28 तक पथ की हालत अत्यंत ही जर्जर है, जिससे आवागमन में आम नागरिको को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*487. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखण्ड के अधीन गुदरघाट पर बने पुल विगत् वर्ष 2011 में आयी भीषण बाढ़ के कारण ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के ध्वस्त हो जाने के फलस्वरूप उक्त प्रखण्ड के 20 हजार आम नागरिकों को जिला से सम्पर्क टूट गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का पुनर्निर्माण

*488. श्रीमती रजिया खातून—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कोटवां प्रखंड स्थित ग्राम दिपल में नहर पर निर्मित पुल जर्जर हो गई है, जिससे आवागमन बाधित है और आम–जनता को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*489. श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी —क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर प्रखण्ड के ग्रामीण कार्य विभाग के पथ में बोचामारी धार तथा बारसोई प्रखंड अंतर्गत देवनी नदी में बरधारा धार में कोई पुल नहीं रहने के कारण आम जन–जीवन को प्रखंड कार्यालय और अनुमण्डल कार्यालय आने–जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थलों पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*490. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के भ्रमरपुर गाँव में अनुसूचित जाति टोला वासी एवं अतिपिछड़ा के लोगों को पंचायत भवन दुर्गा स्थान पुरोहित टोला होते पहुँच पथ पर पहुँचने के लिए एक भाग जर्जर सड़क रहने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव से बचाव

*491. श्री जाकिर खाँ—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया विधान–सभा क्षेत्र अन्तर्गत परमाण नदी की पंचायत बेलवा, खुस्कीपुर, मानिकपुर, दियारी, झमटा एवं महेबापुर में नदी की कटाव से गरीब गाँववासी बेघर हो रहे हैं तथा उनका जीना दूभर हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार परमाण नदी के कटाव को रोकना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*492. श्री रतनेश सादा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के मलौधा से मधेपुरा सीमा तक जो वैट मुसहरी, डीह टोला दलित बस्ती से होते हुए बसनही महादलित टोला तक कच्ची सड़क जाती है, पक्की सड़क नहीं रहने के कारण वहां के नागरिकों को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार कबतक, रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़कों का निर्माण

*493. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान–सभा क्षेत्र में मथुरापुर से बहेड़ी जाने वाली मुख्य सड़क में इलमास नगर चौक से नकटा, रायपुर होते हुए किशनपुर रेलवे स्टेशन तक की सड़क तथा इलमासनगर किशनपुर आर०डब्ल्यू०डी० पथ में चकोटी ठाकुरबाड़ी के पास के भूपतपुर रामलगन महतो के घर से बलाही बन्दु पीपल चौराहा होते हुए इलमासनगर दुर्गा स्थान आर०सी०डी० पथ तक की सड़क अत्यंत ही जर्जर है, जिससे ग्रामवासियों को आवाजाही में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आहर का निर्माण

*494. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड के मलौर नदी पर पूर्व निर्मित सायफन जो क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण आहर से पटवन नहीं हो पा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आहर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*495. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के मैनपुरा गाँव से पूरब मंझार के सामने गहुँआ में पुल नहीं होने से आवागमन बाधित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*496. श्री राम सेवक हजारी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखंड के चंदौली वन कुरवा चौक के मुजौना दूर्गा स्थान तक की सड़क अन्यंत जर्जर के कारण आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*497. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी प्रखंड अन्तर्गत टिबरी नुना टॉड से टिबरी फिल्ड चन्द्रशेखर नगर एवं चकरा फिल्ड जाने के लिए सड़क नहीं है, जिससे तीनों ग्राम के महादलित लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

*498. श्री रामायण माँझी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गुठनी प्रखंड के मेहरवाना गुठनी मोड़ श्रीकलपुर से ग्राम सोहगरा घाट तक कालीकरण का कार्य 2007–08 से एवं दरौली प्रखंड के दरौली से अमरपुर तक 2007–08 से ही निर्माण कार्य हो रहा है, जो अपूर्ण है, यदि हां, तो क्या सरकार इस बाढ़ग्रस्त होने के अपूर्ण बाँध का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*499. श्री जनार्दन माँझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान–सभा के कुल्हरिया से बासुदेवपुर प्रधानमंत्री पथ 8 वर्ष पूर्व बनी है, जो गड्ढे में तब्दील हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*500. श्री केदारनाथ सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत एकमा मशरक भाया मानोपाली बसही पथ का जीर्णोद्धार विगत पांच वर्ष पूर्व किया गया था, जो जीर्णोद्धार के एक वर्ष उपरांत ही जर्जर हो गया, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव से बचाव

*501. श्री छोटे लाल राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड दरियापुर के ग्राम बरूआ खुशहालपुर के पास गंडक नदी का कटाव तेजी से हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि गंडक के कटाव से सारण तटबंध एवं मगरपाल घाट के कटाव का भी खतरा बना हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

फिल्टर फ्लोर लगाना

*502. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के नदी घाटी परियोजनान्तर्गत बालमीकिनगर के पहाड़ी क्षेत्र को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु फिल्टर फ्लोर संयंत्र लगाया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त फिल्टर फ्लोर एवं पाईप 10 वर्षों से जर्जर स्थिति में होने के कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को निरंतर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नदी घाटी परियोजना द्वारा संचालित पेयजल फिल्टर फ्लोर को आधुनिक नया फ्लोर लगाने एवं पाईप को बदलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---------

पथ का निर्माण

*503. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड के पुनामा से बनियाडीह होते हुए महेरतन कुप्पा तक पथ का निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*504. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर-परसौनी पथ वर्ष 2010 से जर्जर है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलों का निर्माण

*505. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा प्रखंड के मधुबनी स्लूईस गेट की मरम्मती, बथनाहा प्रखंड के जलसी ग्राम से दक्षिण लखनदेई नदी पर पुल, सोनवर्षा प्रखंड के कचोर ग्राम से दक्षिण मटियार जानेवाली सड़क पर मठ के निकट लखनदेई नदी पर पुल, कन्हौली बाजार से पश्चिम खापखोपराहा जानेवाली सड़क में लखनदेई नदी पर पुल, मेजरगंज मलाही से पश्चिम नहर में पुल, मेजरगंज से मलाही होकर गढ़वा विशनपुर जाने वाली सड़क पर गढ़वा विशनपुर ग्राम से पूरब मनुषमारा नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा विगत पांच वर्षों से ग्रामीण कार्य विभाग से पत्राचार किया जा रहा है, परन्तु आजतक उक्त पुलों का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

छिलका का निर्माण

*506. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के अंतर्गत ग्राम धुआवे भट्टाचक के बीच भैदा नदी पर छिलका-सह-पुल नहीं रहने के कारण पांच सौ एकड़ जमीन की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त छिलका-सह-पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पक्कीकरण

*507. श्री पदम पराग राय वेणु--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबीसगंज प्रखंड अन्तर्गत पुरानी जोगबनी में चौघटिया से तेलियारी तक 5 कि०मी० सड़क नेपाल बोर्डर तक जाती है, का पक्कीकरण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*508. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तर कटैया प्रखंड के पंचगछिया रेलवे स्टेशन से बिजलपुर जाने वाली सड़क पक्की नहीं रहने के कारण आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*509. श्रीमती मीना द्विवेदी क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत गोविन्दगंज विधान-सभा क्षेत्र के पहाड़पुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज मनकन्दरियां में गंडक पुल 91, आर0डी0 लोकहां प्रखण्ड ही नहीं जिला को भी जोड़ती है, जो जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मुख्य गंडक पुल को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का पुनर्निर्माण

*510. श्री मनोज कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड स्थित रामचन्द्रा चौक से तुर्की के बीच कदाने नदी पर अवस्थित बसौली गाँव के समीप एक तुर्की मेला चौक से सरैया जाने वाली सड़क में मनरिया चौक के समीप पुल ध्वस्त हो जाने के कारण विगत छ: माह से आवागमन अवरुद्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुलों के ध्वस्त हो जाने से समस्तीपुर एवं छपरा जाने वाली एन0 एच0 से सीधा सम्पर्क भंग हो चुका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ध्वस्त पुलों का पुनर्निर्माण कराकर आवागमन को चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*511. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत महादलित टोला बलुआ टोला से मटियारी जाने के लिए सड़क नहीं है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*512. श्री नौशाद आलम- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पौआखाली के निकट पवना धार पर पुल निर्माण कार्य दो वर्षों से धीमी गति से चलने के कारण क्षेत्र के पच्चास हजार से अधिक की जनसंख्या को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार धीमी गति से कार्य करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करते हुए पुल का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी पर कार्रवाई

*513. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत सुल्तानगंज प्रखण्ड में बहुआ नहर क्षेत्र के क्षतिग्रस्त तटबंधों का जीर्णोद्धार एवं डीसिल्टिंग का कार्य विगत् एक वर्ष पूर्व किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य प्राक्कलित राशि के अनुरूप नहीं होने के कारण तटबंध पुन: क्षतिग्रस्त हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राक्कलित राशि के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ,नहीं, तो क्यों ?

आवागमन सुनिश्चित कराना

*514. श्रीमती रंजु गीता क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखण्ड के सोनवर्षा भाया बाजपट्टी पुपरी से दरभंगा जिला अगरोपट्टी तक अधवारा नदी के दोनों तरफ से सुरक्षा तटबंध का निर्माण कराया जा रहा है, परन्तु तटबंध के दोनों तरफ सोलिंग का प्रावधान नहीं होने से आवागमन अवरुद्ध है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तटबंध का सोलिंग, कालीकरण कराकर आवागमन को सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*515. श्री चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के घैलाढ़ प्रखण्ड मुख्यालय से दयालपुर महादलित टोला, चिकनौटवा महादलित टोला होते हुए भगवानी तक जाने वाली सड़क कच्ची रहने के कारण बीमार महिलाओं, वृद्धों एवं बच्चों को अस्पताल जाने, छात्र-छात्राओं को स्कूल एवं कॉलेज जाने तथा आम जनों को प्रखण्ड मुख्यालय, बैंक, थाना एवं जिला मुख्यालय आदि जाने में काफी दिक्कतें होती हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथों का जीर्णोद्धार

*516. श्री ई0 अजीत कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के प्रखण्ड मड़वन में एन0एच0 102, करजाचट्टी से प्रतापपुर, कांटी हाई स्कूल आर0 ई0 ओ0 पथ से बहादुरपुर बाजार भाया कांटी बीन टोला एवं एन0एच0 102 भामा साह द्वार से दामोदरपुर पथ जर्जर है, जिससे लाखों की आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषियों पर कार्रवाई

*517. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखण्ड के हजरत जन्दाहा, खोजी, मुकुन्दपुर भाप अरनिया, डीह बुचौली, हरप्रसाद, नाड़ी खुर्द आदि पंचायतों में वर्ष 2006 से वर्ष 2011 के बीच बी0आर0जी0एफ0 एवं 12वीं वित्त आयोग योजना के अधीन 150 सोलर लाईट स्थानीय दुकान से खरीद कर लगाया गया जिसमें 3 लाख से ऊपर की सरकारी राशि की अनियमितता की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की दिनांक 5 जुलाई, 2011 की बैठक में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा इसकी शिकायत की गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल पदाधिकारी, महुआ के पत्रांक सं0 557/गो0, दिनांक 20 दिसम्बर, 2011 को दिए गए प्रतिवेदन में आरोप सत्य पाया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जन्दाहा प्रखण्ड के सोलर लाईट में किए गए सरकारी राशि के गबन के दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना :
दिनांक 8 अगस्त, 2012 (ई0)।

लक्ष्मीकान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि0स0मु0 (एल0 ए0), 102- डी0 टी0 पी0 450